आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 29.10.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में लगभग 13 हजार करोड़ रुपये की स्वास्थ्य क्षेत्र की अनेक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
- ऋषिकेश स्थित एम्स में देश की पहली हेली एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ हुआ।
- प्रधानमंत्री ने 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा– सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है।
- प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की।
- आज देशभर में धनतेरस का त्योहार मनाया जा रहा है।

आयुर्वेद दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में लगभग 12 हजार 850 करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने नागरिकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य नीति के लिए पांच स्तंभ स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार का शुभारंभ किया। इससे हर आय वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने में मदद मिलेगी। श्री मोदी ने ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में हेली एंबुलेंस सेवा का भी शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए। हेली एंबुलेंस सेवा शुरू होने से बिना समय गंवाए मरीज की जान बचाई जा सकेगी। हेली एम्बुलेंस में वेंटीलेटर सहित सभी आवश्यक जीवनरक्षक उपकरण उपलब्ध रहेंगे। इसमें चिकित्सक सहित आवश्यक मेडिकल स्टाफ तैनात रहेगा।

पीएम रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं और अंतरिक्ष से लेकर विद्युत वाहन में नई प्रौद्योगिकी सहित प्रत्येक क्षेत्र में मेक–इन–इंडिया को बढ़ावा दिया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव–नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए ये बातें कहीं। वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से आयोजन को संबोधित करते हुए

उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश में 40 स्थानों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में राजधानी देहरादून में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने 255 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है।

केदारनाथ चुनाव

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज आखिरी दिन था। उपचुनाव में भाजपा, कांग्रेस और यूकेडी समेत कुल 6 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। रुद्रप्रयाग से हमारे प्रतिनिधि विनय बहुगुणा ने बताया कि 4 नवंबर को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। नामांकन के आखिरी दिन निर्दलीय प्रत्याशी रिटायर्ड असिस्टेंट कमांडेंट आरपी सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। गौरतलब है कि केदारनाथ उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान और 23 को मतगणना होगी।

मंहगाई भत्ते में वृद्धि

प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। ये जानकारी देते हुए वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने बताया कि महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 53 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं, प्राविधिक शिक्षा और स्थानीय निकायों में नियमित व पूर्णकालिक सभी कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का लाभ मिलेगा।

धनतेरस

आज धनवन्तरि जयंती है। इसे धनतेरस के रूप में भी मनाया जाता है। धन की देवी लक्ष्मी की पूजा और पांच दिन तक चलने वाला दीपोत्सव आज से ही आरंभ हो जाता है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार धनतेरस पर सोना, चांदी, पीतल और तांबे के बर्तन खरीदने की प्रथा है। प्रदेश के बाजारों में लोग बड़ी संख्या में खरीददारी के लिए पहुंच रहे हैं। आकाशवाणी से बातचीत में हरिद्वार के ज्वालापुर निवासी सरिता बताती है कि वे हर साल धनतेरस पर खरीददारी करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोगों को धनतेरस, दीपावली, भैया दूज और गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में राज्यपाल ने कहा कि दीपों का यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य को लेकर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली का पर्व सत्य, सद्भावना और मर्यादा का भी संदेश देता है।

हरियाली देवी

धनतेरस के पावन अवसर पर आज शाम रुद्रप्रयाग के जसोली मंदिर से हरियाली देवी की डोली अपने मायके हरियाली कांठा के लिए रवाना हुई। हर साल धनतेरस पर होने वाली ये यात्रा उत्तराखंड की एकमात्र यात्रा है जो रात में की जाती है। मंदिर के मुख्य पुजारी विनोद प्रसाद मैठाणी ने बताया कि इस यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

रन फॉर यूनिटी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सुबह देहरादून के पवेलियन ग्राउंड से ओपन 'रन फॉर यूनिटी' क्रॉस कंट्री दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में इस दौड़ का आयोजन किया जाता है। सरदार पटेल का जन्म वर्ष 1875 में 31 अक्टूबर को हुआ था।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव

बागेश्वर जिले के नुमाइशखेत मैदान में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में चांचरी, छोलिया नृत्य और लोकगीतों की धूम रही। जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव ने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में युवा महोत्सव की अहम भूमिका है। जिला युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लोकगीत समूह, लोकनृत्य समूह और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

नियुक्त पत्र वितरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में सरकार भर्ती अभियान चलाकर अन्य रिक्त पदों को भी भरेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, ताकि राज्य के छात्रों को अच्छी शिक्षा मिले।

राज्य महिला आयोग अध्यक्ष

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने पौड़ी के खांड्यूसैंण स्थित जिला कारागार का निरीक्षण कर महिला बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वे महिला बंदियों को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास करेंगी, ताकि जेल से बाहर आने के बाद महिलाएं अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकें।

योग प्रतियोगिता

ऋषिकेश में आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में आचार्य कुलम के योग साधकों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर 17 स्वर्ण, 8 रजत व 2 कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ

प्रदर्शन करने वाले आचार्य कुलम के 15 छात्र–छात्राओं का चयन राष्ट्रीय योग प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है।